# टायर फटने से जीप पलटी, 14 जने घायल

## वीर हनुमानजी सामोद के दर्शन कर लौट रहे थे काजीपुरा

**किशनगढ़ रेनवाल, (निसं)।** रेनवाल थाना इलाके के डूंगरी खुर्द बस स्टैंड के पास शनिवार को सवारियों से भरी जीप टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गई, सड़क हादसे में 14 यात्री घायल हो गए। घायलों को चौमूं के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से तीन जनों को गंभीर हालत में जयपुर एसएमएस रैफर कर दिया गया। जीप में सवार लोग वीर हनुमान सामोद के दर्शन कर काजीपुरा वापस लौट रहे थे।

थाना प्रभारी उमराव सिंह गुर्जर ने बताया कि सवारियों से भरी जीप सांभर के काजीपुरा की ओर जा रही थी, जीप में करीब एक दर्जन से अधिक पुरुष, महिला और बच्चे सवार थे। सभी लोग वीर हनुमान जी के दर्शन कर सांभर के काजीपुरा अपने घर वापस लौट रहे थे। डूंगरी खुर्द बस स्टैंड के पास पहुंचने पर अचानक जीप का टायर फट गया और जब अनियंत्रित होकर तीन-चार बार पलट गई। जिससे जीप में सवार सभी लोग घायल हो गए। सूचना पर आस पास के लोग इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी , सूचना पर 108 एंबुलेंस और पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों और एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को चौमूं के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने क्रेन की सहायता से जीप को रेनवाल थाने में रखवाया।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन को क्रेन की मदद से हटवाया।

■ **गंभीर हालत में तीन घायल जयपुर रैफर**

फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

हादसे में गीता पत्नी लालचंद निवासी बोराज, रीना पुत्री मोहनलाल निवासी काजीपुरा, किरण पुत्री भंवरलाल निवासी जोबनेर, सोनाक्षी पुत्री रामलाल निवासी काजीपुरा, मीनाक्षी पुत्री रामलाल निवासी काजीपुरा, आयूषा पुत्री रामलाल निवासी काजीपुरा, मौली पुत्री लालचंद निवासी बोराज, लालचंद पुत्र रामलाल निवासी बोराज, दीक्षित पुत्र लालचंद बोराज, कनिष्का पुत्री बिरदीचंद निवासी काजीपुरा, रूपेश पुत्र बिरदी चंद निवासी काजीपुरा, अनिल पुत्र मोहनलाल काजीपुरा, मनीष पुत्र लालचंद निवासी काजीपुरा, मीनाक्षी पत्नी भंवर लाल निवासी काजीपुरा घायल हो गये।

# 50 यात्रियों से भरी बस निर्माणाधीन हाईवे के नाले में फंसी

## गनीमत रही कि बस पलटी नहीं, जिससे यात्रियों की जान बच गई

**भीलवाड़ा, (निसं)।** ज़िले के माण्डल थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 158 मांडल से पाली रास बाबरा तक के निर्माण का समय पूर्ण हो जाने के बावजूद ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण नही किए जाने के कारण आय दिन दुर्घटनाएं बढ़ रही है। हाईवे पर नालों पर बनाए जा रहे पुल के पड़े अधूरे कार्य के लिए खौदी गई खाई में शुक्रवार शाम एक ट्रैवल्स बस फंस गई। गनीमत रही कि वह पलटी नहीं, जिससे उसमें सवार करीब 50 यात्रियों की जान बच गई।

जानकारी के अनुसार यह बस आर्सीद से धुले महाराष्ट्र के लिए आर्सीद से रवाना हुई और मांडल बाईपास वाले रोड़ से गुजर रही थी की सामने से आए वाहन से क्रॉसिंग के दौरान बस अनियंत्रित होकर पुलिया के लिए बने नाले में जाकर फंस गई।



हादसे के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई।

एकाएक हुए हादसे से बस में सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया। चालक ने सावधानी पूर्वक एक एक करके यात्रियों को बस से नीचे उतरा और फिर क्रेन की मदद से बस को नाले से बाहर निकाला। वहीं नेशनल हाईवे के कर्मचारियों से मिली जानकारी के अनुसार इस निर्माण कार्य का समय पूर्ण हो चुका था किंतु मांडल राजस्व ग्राम क्षेत्र और हरिपुरा चौराहे पर स्थित पुलिया के निर्माण को लेकर चल रहे विवाद के कारण समय अधिक लगा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दो बार निर्माण कार्य अवधि बढ़ाई गई है। निर्माण में आई ढिलाई के कारण हाईवे पर अन्य वाहन सीधा कस्बे से बचते हुए जाने के चक्कर में इस और से गुजरते है। और दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नव निर्माणाधीन हाईवे के निर्माण की धीमी रफ्तार के कारण करीब दो दर्जन से अधिक जगहों पर यातयात बाधित होकर गुजरता है जिससे दुर्घटनाएं बढ़ रही है।

# उद्घाटन कार्यक्रम का प्रधान एवं सरपंच ने जताया विरोध

## लोगों के विरोध जताने के बाद विधायक का प्रस्तावित उद्घाटन का कार्यक्रम धरा रह गया



चांदनहोली ग्राम में पुराने विकास कार्य को लेकर विवादित होने के बाद टूटी पड़ी विधायक नामित शिलालेख पट्टिका।

**बामनवास, (निसं)।** स्थानीय विधायक इंदिरा मीणा ग्राम पंचायत चांदनहोली में करीब पांच साल से पहले बने हुए स्कूल की कक्षाकक्षा को खुद के कार्यकाल का विकास बता कर उद्घाटन पट्टी का लगाना चाहती थी, लेकिन स्थानीय सरपंच एवं पंचायत समिति के प्रधान सहित स्थानीय लोगों द्वारा विरोध जताने के बाद विधायक का प्रस्तावित उद्घाटन का कार्यक्रम धरा रह गया। जिस पुराने कार्य की शिलालेख पट्टिका पर विधायक इंदिरा मीणा, सरपंच राम खिलाड़ी मीणा आदि का नाम लिखा हुआ था उसको तोड़ दिया गया।

जानकारी के अनुसार विधायक इंदिरा मीणा चांदोली ग्राम पंचायत

■ **विधायक पुराने विकास कार्य की पट्टिका लगाना चाहती थी, विरोध के बाद स्थगित हुआ कार्यक्रम**

स्थित राजकीय विद्यालय में भाजपा शासन में बने हुए 4 अतिरिक्त कक्षा कक्षों का उद्घाटन कर खुद के नाम की शिलालेख पट्टिका लगाना चाहती थी।

वहीं जब ग्रामीणों के माध्यम से पंचायत समिति के प्रधान शशिकला मीणा एवं सरपंच राम खिलाड़ी मीणा को इसकी सूचना मिली तो वे कार्यक्रम स्थल पहुंचे और विरोध जताया। स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों से काफी समझाइश की। लेकिन पंचायत समिति की प्रधान शशि कला मीणा ने कहा कि यह विकास कार्य उनके विधायक रहे दिवंगत दादाजी कुंजी लाल मीणा के विधायक कार्यकाल में हुआ है।

इसकी उद्घाटन पट्टिका विधायक कैसे लगा सकती है। इसके बाद शिविर में पहुंची विधायक पर पेयजल समाधान का आग्रह करने पर भी ध्यान नहीं देने को लेकर जमकर खरी खोटी सुनाई। इस दौरान किसी भी अप्रिय घटना को लेकर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

# सवाई सागर बालाजी धाम बगीची के महन्त सन्तनाथ का निधन

**चूरू, (कासं)।** स्थानीय सवाई सागर बालाजी धाम बगीची के महन्त सन्तनाथ शनिवार को शिवशरण हो गए। शनिवार को सुबह ज्योंही शहर में इसकी जानकारी मिली तो सवाई सागर बगीची में दर्शन करने आने वालों का तांता लग गया। पालवास के महन्त विक्रमनाथ महाराज, रामनाथ महाराज के प्रतिनिधि कृष्णनाथ, झुंझुंनू श्रीचंचलनाथ टीले आश्रम के महन्त ओमनाथ महाराज के प्रतिनिधि विचारनाथ महाराज, प्रयागनाथ आश्रम के शिवनाथ महाराज, भानीनाथ आश्रम के ध्याननाथ महाराज, विजय नाथ महाराज, विद्या नाथ महाराज, कैलाश नाथ महाराज, बालक नाथ महाराज आदि संतों ने संत परंपरानुसार अंतिम विदाई की रीति-नीति निभाई। सन्तनाथ महाराज को अंतिम विदाई के साथ सवाई सागर बगीची में समाधिस्थ किया गया।

अंतिम विदाई से पूर्व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रियाजत खान, उमाशंकर शर्मा, संतोष मासूम, गीतकार सुरेंद्र पारीक रोहित, शिक्षाविद शंकरलाल महर्षि, बाबूलाल सैनी, ताराचंद बांठिया, पत्रकार देवराज लाटा, नरेंद्र शर्मा, मुकेश लाटा, कैलाश नवहाल, सुरेंद्र शर्मा, एडवोकेट आनंद बालान, नीटू बुडानिया, सैयद तैयब अली पीर, फिल्म निर्माता निर्देशक राजेन्द्र सिंह शेखावत, राजस्थान गोशाला संघ के जिलाध्यक्ष विमल सारस्वत, प्रकाश ढ़ण्ढ़, पार्षद अंजनी कुमार, परशुराम युवा मंच के अध्यक्ष संदीप पाटिल, भारत उद्योग के राजकुमार सैनी, नीटू बुडानिया, योगेन्द्र शर्मा, राकेश सेन, योगेश गौड़, श्रीराम पीपलवा, मुकेश ओझा, महंत के अनुज विजय सारस्वत व महेन्द्र सारस्वत सहित बड़ी संख्या में उपस्थित प्रतिनिधियों एवं नारी शक्ति ने शिवशरण हुए सन्तनाथ महाराज के अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। महन्त संतनाथ महाराज युवा अवस्था में कोलकाता में गृहस्थाश्रम में रहते हुए अपना कार्य कर रहे थे कि करीब तीन दशक पूर्व अपने गृह नगर चूरू आ गए। चूरू में पत्रकारिता की तथा कई समाचार पत्रों से जुड़े रहने के साथ ही पत्रकार संगठन के सदस्य भी रहे। इसी दौरान संतकुमार सारस्वत जो एक साल पहले ही सन्यास आश्रम ग्रहण कर सन्तनाथ बने, ने करीब दो दशक पूर्व शहर में विरान पड़े सवाई सागर की ओर रुख किया और इसकी सार संभाल शुरू की। सवाई सागर विकास समिति बनाई और यहां विकास के कार्य करवाये।

इस दौरान वे गृहस्थ तो थे लेकिन एक संत की तरह बगीची का विकास किया तथा बगीची में बालाजी मंदिर, श्रीराम मंदिर, शिवालय, दुर्गा माता मंदिर व श्रीकृष्ण राधा मंदिर का भामाशाहों के माध्यम से निर्माण करवाया। यहां कांग्रेस नेता संतोष मासूम ने बताया कि मुख्यमंत्री ने महंत संतनाथ महाराज के गोलोकगमन होने पर संवेदना व्यक्त की है।

# सिंचाई के पानी की मांग

**अनूपगढ़, (निसं)।** विधानसभा में अखिल भारतीय किसान सभा द्वारा इंदिरा गांधी नहर परियोजना पर बनने वाले 4 रिजरवायर को लेकर किसानों के बीच में जागृति यात्रा लगातार जारी है। जागृति यात्रा के दौरान अखिल भारतीय किसान सभा के नेताओं ने सरकार से द्वितीय चरण में 58 प्रतिशत सिंचाई पानी की मांग की है। उन्होंने सरकार को चेतावनी दी है कि अगर सरकार 58 प्रतिशत से पानी कम करेगी, तो अखिल भारतीय किसान सभा किसानों को हित के लिए बड़ा आंदोलन करने के लिए भी तैयार है। जागृति यात्रा के दौरान किसान नेताओं ने कांग्रेस और भाजपा पर किसानों को उजाड़ने का भी आरोप लगाया।

कामरेड शोभा सिंह ढि ल्लों ने बताया कि प्रथम चरण के किसानों के बीच में लगातार पहुंचकर यह प्रयास किया जा रहा है कि हमारे हिस्से के 58 प्रतिशत पानी में से एक बूंद भी द्वितीय चरण में नहीं जाने देंगे। चाहे इसके लिए कुछ भी करना पड़े। आज यह यात्रा गांव सताइयां, जालवाली, रोजड़ी सहित अन्य गांवों में किसानों के बीच पहुंची। इस दौरान किसान नेताओं ने कहा कि पूरे जिले के विकास की गति और किसानों की समृद्धि सिंचाई परियोजना पर टिकी है, लेकिन भाजपा तथा कांग्रेस के लिए सिंचाई परियोजना इस क्षेत्र के लिए ठीक नहीं है। दोनो पार्टियां सिंचाई सुविधा को बर्बाद करने में लगे हैं।

# जेसीबी अतिक्रमण तोड़ने पहुंची तो चालक को बंधक बनाया

## सतासर रेंज में चौराहे के पास वन विभाग की जमीन पर बन रही दुकानों को तोड़ने गई थी जेसीबी

**बीकानेर,(कासं)।** सत्तासर चौराहे पर वन विभाग की सत्तासर रेंज की जमीन पर बन रही दो दुकानों को तोड़ने गई जेसीबी और उसके चालक को दुकानदार ने बंधक बना लिया। चालक को तीन घंटे तक बंधक बनाकर रखा गया। इसके बाद पहुंची पुलिस ने चालक को छुड़ाया।

सत्तासर चौराहे पर वन विभाग की जमीन पर कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष कयामुद्दीन कोहरी दो दुकानें बनवा रहा था। इसकी सूचना मिलते ही छतरगढ़ उपवन संरक्षक दिलीप सिंह राठौड़ के निर्देश पर सत्तासर रेंजर सुरेन्द्र पाल मीणा, सहायक वनपाल हरिशंकर दायमा, सहायक वनपाल विक्रम सिंह की टीम में 25 होमगार्ड जवानों के साथ दोपहर 12 बजे मौके पर पहुंचे। टीम ने जेसीबी से दोनों दुकानों को तुड़वा दिया। इसकी सूचना मिलते ही कयामुद्दीन पड़िहार और उसके समर्थक बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। लोगों ने जेसीबी चालक को बंधक बना लिया। जेसीबी को भी मौके पर खड़ा करवा दिया। इन लोगों ने जेसीबी चालक को

■ **टीम ने जेसीबी से दोनों दुकानों को तुड़वा दिया**

भला-बुरा कहां और देख लेने की धमकी दी। वन विभाग की इस सूचना पर छतरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी जयकुमार भादू ने पुलिस जवानों के साथ जेसीबी चालक को छुड़वाया। करीब तीन घंटे तक दुकानों को तोड़ने, जेसीबी चालक को बंधक बनाने और छुड़वाने की कार्रवाई चलती रही। छतरगढ़ रेंज के उप वन संरक्षक दलीप सिंह राठौड़ का कहना है कि दो वर्ष पूर्व भी ये दुकानें बनाई जा रही थी। तब भी वन विभाग ने कब्जों को तोड़ा था। अब फिर वन विभाग की भूमि पर दुबारा दुकानें बनाने का प्रयास किया वन विभाग ने तत्काल जेसीबी मशीन से कब्जे को तोड़ दिया गया। सत्तासर में वन विभाग की रेंज की जमीन पर दो साल पहले भी दुकानें बनाने का प्रयास किया गया था। उस समय भी विभाग ने टीम ने कब्जे हटाए थे। सूचना मिलने पर विभाग के दस्ते ने पहुंचकर दुकानों पर जेसीबी चला दी। लेकिन इस बार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष और उसके समर्थकों ने जेसीबी चालक को बंधक बना लिया और जेसीबी को रोक लिया।

# ट्रासफॉर्मर में लगी आग

**भीलवाड़ा, (निसं)।** ज़िले के मंगरोप थाना क्षेत्र में भोली गांव के तालाब के निकट लगे ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। ग्रामीणों ने अग्निशमन व विद्युत विभाग को सूचित कर निजी साधनों की मदद से आग पर क़ाबू पाने के प्रयास शुरू किए। जानकारी के अनुसार मगरोप थाना क्षेत्र के भोली गांव में तालाब के किनारे लगे ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई ।

# युवक का अधजला शव मिला, हत्या की आशंका

## कोटगेट थाना क्षेत्र के जैन स्कूल के पास कचरे के ढेर में मिला शव

**बीकानेर, (कासं)।** गंगाशहर क्षेत्र में एक युवक का अधजला शव मिलने के बाद सनसनी फैल गई है। शव कोटगेट थाना क्षेत्र के जैन स्कूल के पास कचरे के ढेर में मिला है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मोर्चरी पहुंचाया।

शनिवार सुबह करीब ग्यारह बजे पुलिस को सूचना मिली कि कचरे के ढेर में एक युवक का शव पड़ा है। इस पर पुलिस ने मौके पर पहुंची। आसपास छानबीन की लेकिन उसकी शिनाख्त से संबंधित कुछ भी नहीं मिला। ऐसे अब तक ये तय नहीं हुआ है कि मृतक कौन है और कहां का रहने वाला है।

ये शव करीब पांच दिन पुराना बताया जा रहा है। शव से दुर्गन्ध आने लगी तो लोगों को पता चला कि यहां मृत शरीर है। इसके बाद पुलिस ने एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया। सूचना मिलने पर असहाय सेवा संस्थान बीकानेर के ताहीर हुसैन व राजकुमार खड़गावत मौके पर पहुंचे। खिदमतगार खादिम सोसायटी के नसीम व शोएब के सहयोग से एम्बुलेंस में डालकर

■ **हत्या कहीं दूसरी जगह कर शव यहां फैंका, आस-पास लगे कैमरे खंगाले जा रहे हैं**

■ **शव करीब पांच दिन पुराना बताया जा रहा है, दुर्गन्ध आने लगी तो लोगों को पता चला**

पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। माना जा रहा है कि अज्ञात लोगों ने इस युवक की हत्या करके शव यहां जलाने का प्रयास किया है। युवक के कपड़ों में व आसपास कोई कागज नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो सके। ये भी संभव है कि हत्या कहीं और करने के बाद यहां शव फैंक दिया गया हो। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। अधजला शव पोस्टमार्टम के लिए पीबीएम अस्पताल पहुंचाया गया।

# घर के बाहर बैठे युवक का आधा दर्जन लोगों ने अपहरण किया



घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के भीमगंज थाना क्षेत्र में स्थित बगता बाबा रोड़ शिव मंदिर के निकट बैठे एक युवक को कार से सवार होकर आये आधा दर्जन लोग गर्दन पर तलवार रखकर जबरन उठा ले गये। युवक को खेत पर ले जाने के बाद हाथ-पैर बांधकर लोहे के पाइपों से करीब तीन घंटे तक मारपीट की।

तिलकनगर निवासी जयेश पुत्र कैलाशचंद्र तेली ने अस्पताल में अपने बयान में बताया कि वह कॉलोनी में ही शिव मंदिर के पास बीती रात को बैठा था। इस दौरान ब्रेजा कार से 6 लोग आये। इनमें से दो नकाबपोश थे। नीचे उतरे दो लोगों ने उसके (जयेश) की गर्दन पर तलवार रख दी और उसे जबरन कार में डाल कर उसका मुंह बांध दिया। इसके बाद ये लोग उसे किसी खेत में ले गये, जहां उसे खेत में पटक कर हाथ-पैर बांध दिये और लोहे के पाइपों से करीब तीन घंटे तक मारपीट की। इस दौरान कार सवार 6 लोगों के अलावा पहले से 4 लोग खेत पर मौजूद थे। जयेश ने बताया कि इन आरोपितों में एक देबीलाल तेली, दीपक और किशन तेली शामिल थे। इसके अलावा नकाब पहने दो में से एक आरोपित को ये लोग सलमान के नाम से पुकार रहे थे। जयेश का कहना है कि तीन घंटे बाद उसे थाने के बाहर पटक कर आरोपित फरार हो गये। उधर, घायल जयेश को उपचार के लिए एमजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस संबंध में पीड़ित युवक के पिता कैलाशचंद्र ने भीमगंज थाने में रिपोर्ट दी है।

# नाव पलटने से बालक की मौत

**करौली, (निसं)।** करौली सदर थाना क्षेत्र के गूलर घटा में नदी पार करते समय एक छोटी नाव पलट गई। जिससे एक बालक की मौत हो गई। परिजन बालक को लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां डॉ. ने उसे मृत घोषित कर दिया। बालक अपने परिजनों के साथ छोटी नाव से नदी पार कर रहा था।

गूलर घटा निवासी वीरेंद्र ने बताया कि राहुल पुत्र नारायण माली निवासी भोलूपुरा अपनी मौसी के घर करौली से गूलर घटा क्षेत्र में शादी समारोह में शामिल होने आया था। शनिवार को वो अपने तीन चार परिजनों के साथ एक छोटी नाव से बरखेड़ा नदी पार कर रहा था। इस दौरान नाव असंतुलित हो कर पलट गई। असंतुलित होने के कारण नाव पलटने से उसमें सवार तीन चार लोग नदी में गिर गए। लोग जैसे-तैसे नदी से बाहर निकले। जबकि राहुल नदी में डूब गया। आसपास मौजूद लोगों ने कडी मशक्कत के बाद राहुल को नदी से बाहर निकाला और करौली अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉ. ने जांच के बाद राहुल को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए मृतक का शव लेकर घर चले गए। जहां गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।

# अचानक आई तेज आंधी व बूंदाबादी से मिली राहत



राजगढ़ के अम्बेडकर सर्किल के पास तेज आंधी में खोखे पर गिरा पेड़।

**सादुलपुर, (निसं)।** पश्चिमी विक्षोभ का असर दोपहर बाद अंचल के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में देखने को मिला। रजनीश सोनी निवासी राजगढ़ ने बताया कि अचानक तेज आंधी के साथ मेघ गर्जना होने के साथ-साथ कस्बा राजगढ के अम्बेडकर सर्किल के पास वार्ड०1 राजगढ निवासी हनुमान पेंटर द्वारा रखे गये लकड़ी के खोखे पर तेज आंधी से पेड टूटकर गिर गया, जिससे करीबन 20 हजार रूपये से भी अधिक की आर्थिक हानि हुई है। लेकिन गनीमत ये रही कि आंधी के दौरान खोखे में कोई नहीं था, जिस कारण जानमाल का नुकसान बच गया, अन्यथा बडी जनहानि हो सकती थी।

वहीं कभी कम एवं कभी तेज आंधी के झौकों के साथ हल्की वर्षा शुरू हुई जो कुछ देर तत्पश्चात बंद हो गई। सामाजिक कार्यकर्ता नेतरा मेहरा ने बताया कि आंधी एवं बूंदाबांदी का दौर के चलते राघा बडी, भाकरां, जाटुवास, खैरू बडी, खैरु छोटी, बीराण, बालाण, कामाण, भोजाण व जीराम बास आदि गांवों में देखने को मिला। जिसमें अचानक आई आंधी एवं बूंदाबांदी से मौसम सुहाना हो गया, लेकिन बिजली काफी घंटों तक बन्द रही, जिसके कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। गौरतलब है कि बीते गत दिनों लू एवं हीटवेव से परेशान आमजन को मौसम ठंडा होने से राहत महसूस हुई।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बीकानेर, (कासं)।** एक महिला के साथ सोशल मीडिया पर बातचीत करने वाले युवक ने पहले महिला से दुष्कर्म किया और बाद में उसका वीडियो एक दोस्त को भेज दिया। महिला ने पुलिस को शिकायत की। उसके दो महीने बाद मुख्य आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया है। मामला जसरासर पुलिस थाने का है। एफआईआर में महिला ने आरोप लगाया कि गांव में धर्माराम जाट उससे फोन पर बात करता था। एक दिन आया और जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पिछले दो साल में धर्माराम ने कई बार ढाणी आया और दुष्कर्म किया। कुछ दिन पहले ढाणी से बाहर सड़क पर दूध देने गई तो देवीलाल जाट महिला के पास आया और कहा कि धर्माराम ने मुझे तेरा वीडियो भेजा है। तब धर्माराम से वीडियो कॉल पर बात की।

उसने भी गलत काम के लिए कहा। मना करने पर देवीलाल नहीं माना। ढाणी में आ गया व जबरदस्ती दुष्कर्म किया। मामले की छानबीन सीओ नोखा को सौंपी गई है। बीकानेर एसपी तेजस्विनी गौतम ने बताया कि जसरासर पुलिस ने धर्माराम जाट को जांच में जुर्म प्रमाणित पाये जाने पर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाधिकारी जगदीश पाण्डर, कांस्टेबल सतीश कुमार और मुकेश कुमार भी शामिल थे। इस मामले में अभी कुछ और गिरफ्तारी भी हो सकती है।